# EVENT REPORT
# (English & Hindi)

## North Eastern Council Celebrated 80th Independence Day with Patriotic Fervor at NEC Secretariat

The **North Eastern Council (NEC),** under the **Ministry of Development of North Eastern Region (MDoNER)**, Government of India, celebrated the **80th Independence Day** with great patriotic fervour and enthusiasm at the NEC Secretariat, Nongrim Hills, Shillong, on **15th August, 2026**.

The Independence Day celebration was led by the **Secretary**, NEC, and was attended by officers and staff members of the NEC Secretariat.

The programme commenced with the assembly of officers and staff at the NEC Secretariat. At **8:00 A.M.**, the National Flag was hoisted, followed by the National Anthem and an address by the Secretary, NEC.



**Secretary NEC along with other officers and staff members of NEC leading the Tiranga Rally**




**Pic: Hoisting of Flag by Shri Satinder Kumar Bhalla, Secretary, NEC**.

The Secretary, in his address, extended his warm greetings and best wishes on the occasion of Independence Day and highlighted the importance of the day in reaffirming the nation's commitment to unity, integrity, inclusive development and the spirit of public service.



**Pic- Shri Satinder Kumar Bhalla addressing the NEC officers and staff on the occasion of 80th Independence Day.**

As part of the spirit of ***Har Ghar Tiranga campaign***, officers and staff actively participated in various *Tiranga*-related activities, promoting the message of patriotism and national unity. Activities undertaken at NEC included hoisting of the *Tiranga* at residential premises, uploading selfies with the *Tiranga* on the *Har Ghar Tiranga* portal, registration as *Tiranga* volunteers, participating in rallies and events, illuminating office buildings in the colour of the *Tricolour*, procuring and distributing flags, displaying the *Tiranga* Exhibition curated by the Ministry of Culture, and disseminating of information through social media and the NEC website.





**Pic: Officers and NEC Staff Members participating at the Tiranga Rally**

The Har Ghar Tiranga initiative at the NEC Secretariat reinforced the message of "***Tiranga – Our Pride, Our Identity"***, while encouraging greater public participation in celebrating the spirit of India's Independence and strengthening the bonds of national unity and integration.

The celebrations concluded with light refreshments. The Independence Day programme at the NEC Secretariat reflected the Council's unwavering commitment to the values of unity, patriotism, public service and the continued development of the North Eastern Region.



# प्रेस विज्ञप्ति
# (अंग्रेजी एवं हिंदी)

## उत्तर-पूर्वी परिषद ने एनईसी सचिवालय में देशभक्ति की भावना एवं उत्साह के साथ 80वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया

**शिलांग, 15 अगस्त:** भारत सरकार के **उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडोनर)** के अधीन **उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी)** द्वारा 15 अगस्त, 2026 को नोंग्रीम हिल्स, शिलांग स्थित एनईसी सचिवालय में **80वाँ स्वतंत्रता दिवस** देशभक्ति की भावना एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह का नेतृत्व **उत्तर-पूर्वी परिषद के सचिव** द्वारा किया गया। इस अवसर पर NEC सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ एनईसी सचिवालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एकत्र होने के साथ हुआ। प्रातः **8:00 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया**, जिसके पश्चात **राष्ट्रगान** हुआ और **उत्तर-पूर्वी परिषद के सचिव** ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया।



**सचिव**, **एनईसी अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ तिरंगा रैली का नेतृत्व करते हुए।**




**चित्र: श्री सतींदर कुमार भल्ला, सचिव, एनईसी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए।**

अपने संबोधन में सचिव, एनईसी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी को **हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ** दीं। उन्होंने राष्ट्र की **एकता, अखंडता, समावेशी विकास एवं जनसेवा की भावना** के प्रति देश की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करने में इस दिवस के महत्व को रेखांकित किया।



**चित्र: 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्री सतींदर कुमार भल्ला, सचिव, एनईसी, एनईसी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।**

**'हर घर तिरंगा' अभियान** की भावना के अनुरूप अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तिरंगे से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश प्रसारित किया। एनईसी द्वारा आयोजित गतिविधियों में आवासीय परिसरों में तिरंगा फहराना, 'हर घर तिरंगा' पोर्टल पर तिरंगे के साथ सेल्फी अपलोड करना, तिरंगा स्वयंसेवक के रूप में पंजीकरण कराना, रैलियों एवं कार्यक्रमों में सहभागिता, कार्यालय भवनों को तिरंगे के रंगों से आलोकित करना, राष्ट्रीय ध्वजों की खरीद एवं वितरण, संस्कृति मंत्रालय द्वारा तैयार 'तिरंगा प्रदर्शनी' का प्रदर्शन तथा सोशल मीडिया एवं एनईसी की वेबसाइट के माध्यम से सूचना का प्रसार शामिल रहा।





**चित्र: तिरंगा रैली में भाग लेते हुए एनईसी के अधिकारी एवं कर्मचारी।**

एनईसी सचिवालय में आयोजित **'हर घर तिरंगा' पहल** ने **"तिरंगा – हमारा गौरव, हमारी पहचान"** के संदेश को और सुदृढ़ किया। साथ ही, इस पहल के माध्यम से देश की स्वतंत्रता की भावना के उत्सव में जनसहभागिता को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के बंधन को सुदृढ़ करने के लिए प्रेरित किया गया।

समारोह का समापन हल्के जलपान के साथ हुआ। एनईसी सचिवालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम ने एकता, देशभक्ति, जनसेवा तथा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के सतत विकास के मूल्यों के प्रति उत्तर-पूर्वी परिषद की अटूट प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित किया।




*****************************************************************************